छात्रावासों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी

लोक निर्माण विभाग और मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल के जिम्मेदार बरत रहे लापरवाही

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिले में आदिमजाति कल्याण विभाग के स्कूलों, छात्रावासों, आश्रमों में रहने वाले छात्र, छात्राओं के लिए शासन के द्वारा निर्माण कार्य करवाकर सम्पूर्ण सुविधा मुहैया करवाने का प्रयास कर रही है तो वहीं निर्माण एजेंसी परियोजना यंत्री लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. इकाई 12 छिन्दवाड़ा एवं मध्यप्रदेश गृह निर्माण मण्डल के द्वारा छात्रावास आश्रमों का निर्माण किया जा रहा है

जिसमें घटिया निर्माण कार्य सामग्री लगाकर आश्रम और छात्रावास भवनों को इस तरह से रंग रोगन कर दिया जाता है कि अंदर की निर्माण सामग्री कैसे लगी है इसका मुल्यांकन आम अधिकारी नहीं कर पाते है। जबकि निर्माण करते समय ही निर्माण एजेंसी के साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारी

और प्रशासनिक अधिकारी यदि देख लें तो निश्चित रूप से कार्यवाही हो सकती है। बताया जाता है कि गिट्टी, मिट्टी, रेत, सीमेंट का उपयोग घटिया अर्थात अमानक स्तर का करते हुए निर्माण किया जाता है जिससे आश्रम और छात्रावास भवन आने वाले समय में टपकेंगे और फिर ठेकेदार और निर्माण एजेंसी का कुछ नहीं हो पायेगा।

वर्तमान में हाउसिंग बोर्ड और पी.आई.यू. के अधिकारी मनमाने तरीके से निर्माण कार्य क रहे है और ठेकेदारों से मनमानी चढ़ोत्तरी प्राप्त कर उसके ऐब को छुपा देते है। यही कारण है कि रंगाई पुताई कर बिल्डिंग हेंड ओवर करने के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग में दबाव बनाते है जबकि अधिकांश छात्रावासों में अभी भी सभी कार्य पूर्ण नहीं हुए है की जानकारी मिली है।

विधि विधान से भगवान धनवंतरि का हुआ पूजन

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। डॉ पवन नेमा द्वारा धनवंतरि दिवस एवं नौवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर नेमा क्षारसूत्र संस्थान में भगवान धनवंतरि पूजन व हवन के साथ कार्यक्रम में अध्यक्ष मोहन लाल नेमा के हस्ते पौधा रोपण किया गया। इसके साथ ही आयुष विभाग व प्रदेश शासन द्वारा दी गई थीम श्वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार पर चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 23 बच्चो को पुरुस्कारों का वितरण किया गया। साथ ही स्वस्थ दिनचर्या के बारे में माताओं को बताया गया। इस अवसर पर संस्थान द्वारा 7 वैद्यों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आकाश दौड़के, चांद भलावी आदि उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन डॉ. रश्मि पवन नेमा द्वारा किया गया।

सार-समाचार

प्रदेश में 52 गोल्ड के साथ प्रथम स्थान पर रहा छिन्दवाड़ा

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। 15 वीं मध्य प्रदेश राज्य स्तर इंडियन कराटे प्रतियोगिता में जिला छिंदवाड़ा- 52 गोल्ड के साथ प्रथम स्थान पर तथा 27 गोल्ड के साथ शहडोल द्वितीय स्थान एवं 14 गोल्ड के साथ मंडला तीसरे स्थान पर रहा।

मध्य प्रदेश स्पोर्ट्स कराते एसोसिएशन से अधिकृत 15 वीं मध्य प्रदेश राज्य स्तर इंडियन कराटे प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन का समापन शासकीय पी.एम. एक्सीलेंस कॉलेज छिंदवाड़ा के स्पोर्ट्स हॉल में समापन हुआ। उदघाटन प्राचार्य लक्ष्मीकांत के मुख्य आतिथ्य एवं स्पोर्ट्स ऑफिसर सुशील पटवा की विशेष उपस्थिति में किया गया था।

प्रतियोगिता संयोजक मध्य प्रदेश के कराते प्रमुख राजेंद्र सिंह तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता 6 वर्ष से लेकर 21 से अधिक वर्ष के विभिन्न वजन वर्ग में आयोजित की गई थी, इसमें मेजबान छिंदवाड़ा सहित 20 जिले भोपाल, झाबुआ, सीहोर, उज्जैन, शाजापुर, बैतूल, बालाघाट, सिवनी, मंडला, डिंडोरी, शहडोल,

उमरिया, अनूपपुर, मंडला, राजगढ़, रायसेन, पांढुरना के 600 से अधिक खिलाडीयो ने भाग लिया।

प्रतियोगिता मुख्य रेफ्री सिहान ओमकार मोहबे, हनुमान तिवारी, श्याम दुपारे, अजय चौधरी, रविन्द्र जायसवाल, प्रमोद विश्वकर्मा, सेंसेई हेमा बोरगांवकर, सेंसेई कविता थापा, सेंसेई रजनी नवरेती, आन्या सोनी, सेंसेई दिनेश कोरे द्वारा संपन्न करवाई गई।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी 57 आवेदकों की समस्याएं

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 57 आवेदकों की समस्यायें सुनी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम भजिया निवासी बसोडी चन्द्रवंशी ने वृध्दावस्था पेंशन दिलाने व गरीबीरेखा का खाद्यान्न दिलाने, ग्राम ढोडामुआर के सभी ग्रामवासियों ने भूमि तक सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था बनाये जाने के लिये बिजली ट्रांसफार्मर लगवानेए ग्राम सलखनी निवासी कमलेश प्रजापति ने ब्रेन हेमरेज के ऑपरेशन के लिये आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ दिलाने, ग्राम पुलपुलडोह निवासी राजेन्द्र डेहरिया ने दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने, ग्राम सोनपुर निवासी शांति बाई चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम धगड़ियामाल निवासी चेतन इनवाती ने अनुकम्पा नियुक्ति दिलाने, अमरवाड़ा के रमेश प्रसाद साहू (सेवानिवृत्त) ने व्दितीय समयमान वेतनमान का एरियस दिलाने, ग्राम खुटिया निवासी लाटू मर्सकोले ने अतिवर्षा के कारण मकान दीवार गिरने पर मुआवजा दिलाने, ग्राम इमलिया बोहता निवासी श्रीमती सुखवती कवरेती ने वृध्दावस्था पेंशन दिलाने आदि की मांग शामिल है।

आयुर्वेद औषद्यालय सिंगोड़ी में मनाया भगवान धनवंतरी का प्राकट्योत्सव

डॉक्टरों ने किया पूजन अर्चन

सिंगोड़ी, देशबन्धु। आयुर्वेद के देवता भगवान धन्वंतरी जी की जयंती पर आज विशेष पूजा अर्चना की गई एवं प्रकटोत्सव दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयुर्वेद विभाग सिंगोड़ी के समस्त कर्मचारियों ने इस पावन अवसर पर आयुर्वेद विभाग के औषधालय भवन सिंगोड़ी में भगवान धन्वंतरी जी की विशेष पूजा अर्चना के साथ महाआरती की और उनके आयुर्वेद की दवाईयो के बारे में निरोग काया के बारे में जानकारी दी। तत्पश्चात महाप्रसाद का भोग लगाकर प्रसाद को चढ़ाया गया वहीं नवम राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस भी इसी उपलक्ष्य में सिंगोड़ी आयुर्वेद सेंटर में मनाया गया।

9 वां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ सुवर्णा सूर्यवंशी ने बताया कि हर व्यक्ति निरोगी रहे स्वस्थ रहे खुश रहे और आयुर्वेद की जड़ी बूटी एवं दवाईयां से स्वास्थ्य का लाभ ले ताकि लोग स्वस्थ एवं निरोगी रहें और जन-जन तक आयुर्वेद पहुंचे इसी कल्पना के साथ आज बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आयुर्वेद के देवता भगवान धनवंतरी जी की पूजा अर्चना कर इस दिवस को सभी आयुष कर्मी ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया।

इस अवसर पर आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुवर्णा सूर्यवंशी, डॉ. संस्कृति शुक्ला, आयुष विभाग के रामेश्वर ठाकुर, संगीता तेकाम, देवीप्रसाद डेहरिया, विजय शर्मा, रामभरोस मालवी, योगेश चौरसिया सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी सहित आयुष विभाग के सभी कर्मी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बैडमिंटन प्रतिभा खोज प्रारंभ, पहले दिन 40 बच्चों ने दिया ट्रायल

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिला बैडमिंटन संघ छिंदवाड़ा द्वारा जिला स्तरीय जूनियर मिनी सब जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 29 व 30 अक्टूबर को स्थानीय ओलंपिक बैडमिंटन स्टेडियम में किया जा रहा है जिसमें जिले भर के खिलाड़ियों ने भाग ले रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बैटमिंटन प्रतिभा खोज चयन स्पर्धा के माध्यम से खिलाड़ियों के खेल स्तर में सुधार कर उनको आगामी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जा रहा खिलाड़ियों को तराशा जा रहा है आज खेले गए प्रथम चरण के मुकाबले में छिंदवाड़ा के खिलाड़ी अग्रणी रहे। आज बालिका व बालक वर्ग के 40 मैच खेले गए इस अवसर पर स्पर्धा में भाग ले रहे। खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन हेतु स्पर्धा अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैस, स्पर्धा सचिव जावेद खान, रविकांत अहिरवार, हरीश खंडेलवाल, तरुण विश्वकर्मा, अनिल शर्मा, अरविंद गिरहटकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन समिति के सचिव जावेद खान ने बताया कि 29 अक्टूबर को सभी वर्ग के दूसरे चरण के मुकाबले खेले गए अंतिम चरण के मुकाबले आज 30 अक्टूबर को खेले जावेंगे तथा फाइनल मुकाबले के बाद पुरुस्कार वितरण के साथ समापन होगा। निर्णायक एवं चयनकर्ता के रूप में कोमल साह, आर्यन खन्ना, आकाश गोराई, अशवंत मार्को, भाविक धुर्वे, अक्षत शुक्ला ने सहयोग किया। चयनित खिलाड़ी आगामी राज्य स्पर्धा जबलपुर व इंदौर में भाग लेंगे।

रेत माफिया बेलगाम, जिम्मेदार नहीं लगा पा रहे लगाम

जिले में बिना रॉयल्टी के ओवरलोड डंपर और हाइवा को तेज रफ्तार में दौड़ा रहे

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिले में रेत माफ्रियाओं की गतिविधियां इस कदर हावी हो चुकी हैं कि उन्हें रोकना असंभव सा प्रतीत होता है। इन माफ्रियाओं की बेलगाम हरकतों ने कानून और नियमों की धज्जियां उड़ा दी हैं। स्थिति यह है कि जो भी अधिकारी इन्हें रोकने की कोशिश करता है, उसका तबादला तय माना जाता है। नतीजतन प्रशासनिक अधिकारी चाहकर भी इन पर लगाम नहीं कस पा रहे हैं। आम जनता त्रस्त है और इनकी दबंगई देखकर लोगों का कहना है कि इस बार का धनतेरस और दीवाली असल में रेत माफ्रियाओं का त्योहार बन चुका है।

ओवरलोड डंपर से बदहाल सड़कों की स्थिति

रेत माफ्रिया खुलेआम नियमों की अवहेलना करते हुए बिना रॉयल्टी के ओवरलोड डंपर और हाइवा को तेज रफ्तार में दौड़ा रहे हैं। इन भारी वाहनों की वजह से पांढुर्णा की सड़कें बदहाल हो चुकी हैं। ओवरलोडिंग के कारण सड़कों की हालत इतनी बिगड़ चुकी है कि यात्रियों और स्थानीय निवासियों का आवागमन मुश्किल हो गया है। सड़कों पर फैली हुई धूल और रेत के कारण आम जनता को रोजाना प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति न केवल जनता के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यातायात सुरक्षा के लिए भी खतरा बन गई है।

राजस्व को करोड़ों का नुकसान

बिना रॉयल्टी और प्रशासनिक अनुमति के इन ओवरलोड डंपरों के चलने से शासन को करोड़ों के राजस्व की हानि हो रही है। रेत माफ्रिया अपने फायदे के लिए इस काले धंधे को बेधड़क अंजाम दे रहे हैं, और इसका सीधा असर सरकारी राजस्व पर पड़ रहा है। अगर यही स्थिति बनी रही तो पांढुर्णा जैसे छोटे जिले में विकास कार्यों के लिए आवश्यक फंड की कमी हो सकती है। यह सवाल उठता है कि क्या शासन-प्रशासन इस राजस्व हानि को गंभीरता से लेगा और माफ्रियाओं पर कड़ी कार्रवाई करेगा।

नो एंट्री में भी खुलेआम एंट्री

रेत माफ्रियाओं की हिम्मत इतनी बढ़ चुकी है कि वे नो एंट्री के समय में भी धड़ल्ले से अपने डंपरों को शहर की सड़कों पर दौड़ा रहे हैं। आमतौर पर नो एंट्री समय में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक होती है ताकि यातायात सुचारू रहे और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। लेकिन रेत माफ्रिया इन नियमों की पूरी तरह से अनदेखी कर रहे हैं, जिससे आम जनता को खतरे का सामना करना पड़ रहा है। नियमों की इस अनदेखी में एक मुख्य और चिंताजनक पहलू यह सामने आया है कि शहर सीमा पर तैनात पुलिसकर्मी अन्य बड़े वाहनों को रोकते हैं, लेकिन रेत माफ्रियाओं के ओवरलोड डंपरों को खुलेआम शहर में प्रवेश की अनुमति देते हैं। अब सवाल उठ रहा है कि आखिर क्यो प्रशासन माफ्रियाओं के दबाव में है। प्रशासन की इस उदासीनता पर सवाल उठना लाज़मी है कि आखिर कब तक माफ्रिया नियमों को ताक पर रखकर अपनी मनमानी करते रहेंगे।

सड़कों पर उड़ती धूल में सांस लेते लोग

ओवरलोड तेज रफ्तार डंपरों से उड़ती धूल और रेत का सीधा असर आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। सड़कों पर हर वक्त धूल का गुबार छाया रहता है, जिससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों का सांस लेना दूभर हो गया है। ये धूलकण श्वसन संबंधी बीमारियों का कारण बन सकते हैं, खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए। प्रशासन की उदासीनता के कारण लोग मजबूरी में इस प्रदूषण का सामना कर रहे हैं। त्योहार के समय पर जब लोग स्वच्छ वातावरण की उम्मीद करते हैं, ऐसे में यह धूल-धुएं से भरा माहौल उनकी खुशियों पर पानी फेर रहा है।

प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

पांढुर्णा जिले में रेत माफ्रियाओं की इस दबंगई और नियमों की अवहेलना के बावजूद प्रशासन की चुप्पी पर सवाल उठ रहे हैं। आखिर क्यों इन माफ्रियाओं पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। आम जनता प्रशासन से उम्मीद कर रही है कि वह जल्द से जल्द इन माफ्रियाओं पर कड़ी कार्रवाई करे और सौंसर क्षेत्र में स्थित रेत की अवैध खदानों और ओवरलोड वाहनों पर प्रतिबंध लगाए। जब तक शासन-प्रशासन जागेगा नहीं, तब तक पांढुर्णा जिले की जनता को रेत माफ्रियाओं की इस मनमानी और आतंक का सामना करना पड़ेगा।

इनका कहना है

अभी कलेक्टर सर का कॉल आ रहा है उन्हें अवगत कराती हूं।

नेहा सोनी, एसडीएम पांढुर्णा

नो एंट्री के समय रेत डंफरो की जो एंट्री हो रही है। उस पर आज कार्यवाही कराते है बाकी ओवरलोड डंफरो को यातायात विभाग द्वारा कार्यवाही करनी चाहिए।

बृजेश भार्गव, एसडीओपी पांढुर्णा

अभी स्टाप की कमी है बाकी चेकिंग की जाती है। और अब आगे भी कार्यवाही करेंगे।

धर्मवीर सिंह नागर, एसडीओपी सौंसर

यातायात थाने में स्टाफ की भारी कमी है जिसको लेकर हमने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया है। बाकी आगे से हम बिना रॉयलटी ओर ओवरलोड चल रहे डंफरो पर भी कार्यवाही करेंगे।

आकांशा सहारे, यातायात प्रभारी पांढुर्णा

फोटो निर्वाचक नामावली के वार्षिक संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए स्टैंडिंग कमेटी कमेटी बैठक-प्रेसवार्ता

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में स्थानीय कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में फोटो निर्वाचक नामावली के वार्षिक संक्षिप्त पुनरीक्षण- 2025 के लिए राजनैतिक दलों की गठित स्टैंडिंग कमेटी की बैठक एवं प्रेस वार्ता आयोजन किया गया।

बैठक में कलेक्टर द्वारा बताया गया कि वार्षिक संक्षिप्त पुनरीक्षण- 2025 के अंतर्गत मतदाता सूची में सुधार और अद्यतन प्रक्रिया के लिए दावे और आपत्तियों की अवधि 29 अक्टूबर से 28 नवंबर तक निर्धारित की गई है। इस अवधि में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने, गलत विवरण को हटाने, मतदान स्थल में परिवर्तन आदि के दावे और आपत्तियां दर्ज कर सकते हैं।

कलेक्टर श्री सिंह ने स्टैंडिंग कमेटी के सदस्यों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचन आयोग के दिशा.निर्देशों की जानकारी दी । उन्होंने यह भी आग्रह किया कि राजनीतिक दल और मीडिया इस जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने में सहयोग करें, जिससे योग्य मतदाताओं को अपना नाम जोड़ने, संशोधित करने या बदलाव कराने का उचित अवसर मिल सके। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं की उम्र एक जनवरी 2025 को 18 वर्ष पूर्ण होगी ऐसे नवीन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जायेंगे। इस अवसर पर राजनैतिक दलों की स्टैंडिंग कमेटी में विजय झांझरी द्वारा नजरी नक्शा का मामला उठाया गया जिसे जानकारी के मुताबिक सदस्य को नक्शा उपलब्ध कराया गया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी के.सी. बोपचे, संयुक्त कलेक्टर ज्योति ठाकुर, राजनैतिक दल के सदस्य, इलेक्ट्रनिक, प्रिंट मीडिया के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

माय भारत के शुभारंभ की पहली वर्षगांठ पर हुए आयोजन

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। क्षेत्रीय निदेशालय, एन.एस.एस. एवं राज्य एन.एस.एस. अधिकारी भोपाल तथा बालाजी पब्लिक स्कूल छिंदवाड़ा की प्राचार्य श्रीमती बी. अनुराधा नायडू के मार्गदर्शन में MY Bharat शुभारम्भ की पहली वर्षगाठ पर (mybharat.gov.in) मेरा युवा भारत के साथ दिवाली स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 अंतर्गत 30 अक्टूबर 2024 को दीपावली के अवसर पर फूलों की रगोंली बनाकर प्राकृतिक रंगों से दिया शांति सद्भावना एंव स्वच्छता का बालाजी पब्लिक स्कूल छिंदवाड़ा के एनएसएस स्वयंसेवकों ने दिया साथ ही संदेश रैली निकाल कर जागरूक किया।

जिला स्तर पर कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा रा.से.यो. स्वयंसेवकों के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमें रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसके अलावा जागरूकता रैली का आयोजन का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में डी.डी.सी. छिंदवाड़ा के एन.एस.एस. के जिला संगठक प्रो. रविंद्र नाफड़े एवं बालाजी पब्लिक स्कूल के कार्यक्रम अधिकारी नरेश जोशी एवं वर्षा श्रीवास्तव, एन.एस.एस. स्वयंसेवकों का विशेष सहयोग रहा।

सार समाचार

किसानों की समस्याओं को लेकर विधायक सौसर ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

सौसर, देशबन्धु। सौसर के किसानों की विभिन्न लम्बित मांगो और समस्याओं को लेकर लगातार प्रदर्शन हुए लेकिन प्रदेश की सरकार ने किसानों की कोई सुनवायी नहीं की। आज भी उन्हें अपनी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है चाहे संतरे को लेकर हो, चाहे कपास की खेती को लेकर या फिर अन्य समस्याऐं हो लेकिन निराकरण नहीं हुआ है।

इसी को ध्यान में रखते हुए किसानों के साथ मिलकर उनकी समस्याओं से संबंधित विजय रेवनाथ चौरे ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री पटेल को ज्ञापन सौपा।

एक नवंबर को स्थानीय पुलिस ग्राउंड छिन्दवाड़ा में होगा मप्र स्थापना दिवस समारोह का आयोजन

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह 01 नवंबर 2024 का जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय पुलिस ग्राउण्ड छिन्दवाड़ा में छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन की ओर से समस्त जिलेवासी सादर आमंत्रित है।

म.प्र. स्थापना दिवस समारोह के पल-प्रतिपल के कार्यक्रम के अनुसार 01 नवंबर शुक्रवार को स्थानीय पुलिस ग्राउंड छिंदवाड़ा में प्रात: 09 बजे छिंदवाड़ा सांसद श्री साहू द्वारा ध्वाजारोहण, प्रात: 09.05 बजे परेड प्रदर्शन एवं सलामी, प्रात: 09.15 बजे मध्यप्रदेश गान व प्रात: 9.20 बजे सांसद श्री साहू व अन्य अतिथियों द्वारा उद्बोधन, प्रात: 09.30 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रात: 09.55 बजे स्व-सहायता समूह एवं विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण एवं प्रात: 10.05 बजे आभार प्रदर्शन किया जायेगा।

कमलनाथ व नकुलनाथ ने दीपोत्सव की दी हार्दिक शुभकामनाएं, जिला व प्रदेशवासियों के लिए मांगी सम्पन्नता

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने जिले व नगरवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें दी है। नेताद्वय ने धन व वैभव की देवी मां लक्ष्मी से कामना की है कि दीपों की रोशनी सा जगमग हो हमारा जिलाए प्रदेश व देश, हर घर में सम्पन्नता और खुशहाली आये, युवा नित नये आयामों को छुये और किसान धन धान्य से परिपूर्ण हो।

कमलनाथ ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि दीपावली के दीपों का उजियारा जीवन के हर अंधकार को दूर कर आपके जीवन को दीपों की रोशनी सा जगमग करें। उल्लास व सम्पन्नता से सभी का जीवन परिपूर्ण हो। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में आगे कहा कि जिलेए नगर व प्रदेश का किसान आर्थिक सम्पन्न व अन्न से परिपूर्ण हों। युवाओं के हाथों में रोजगार, हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार, कर्मचारी वर्ग खुशहाल और मातृशक्ति को सुरक्षा का अधिकार प्राप्त हो। श्री नाथ ने अंत में कहा कि रोशनी के इस महापर्व पर हम सभी को संकल्पित होना है कि प्रदेश में फैले भ्रष्टाचार रूपी अंधकार को मिटाना है। नकुलनाथ ने जिले, नगर व प्रदेशवासियों को दीपोत्सव की हार्दिक शुभकामनायें देते हुये कहा कि भाग्य और सम्पन्नता की देवी मां लक्ष्मी का सभी पर सदा आशीर्वाद बना रहे। जिले व प्रदेश के मेरे परिवार के प्रत्येक घर में खुशियां रोशनी की तरह बिखरे और उनकी हर मनोकामना पूरी हो। श्री नाथ ने सुरक्षा की दृष्टि से युवाओं व बच्चों को पटाखे जलाते समय विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। श्रीमती प्रियानाथ ने समस्त मातृशक्ति को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें देते हुये सभी की खुशहाली की कामना की है।

दीपावली के शुभ अवसर पर वृद्धाश्रम में किया गया मिष्ठान और फल का वितरण

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन छिंदवाड़ा के द्वारा आज वृद्ध आश्रम में मिष्ठान एवं फल वितरण का किया गया। इस अवसर पर सभी चिकित्सकों ने बुजुर्गों को बीच जाकर अद्भुत आनंद की प्राप्ति की और अपनापन का एहसास हुआ।

इस कार्यक्रम में नीमा अध्यक्ष डॉ. गणेश प्रसाद साहू, सचिव डॉ. अरविंद राऊत, डॉ. हरीश सतनामी, डॉ. कमलेश सोनारे, डॉ. नीरज विश्वकर्मा, डॉ. मयंक कुमार साहू, डॉ. अंकुश साहू, डॉ. अनिल लखेरा, प्रभाकर कपाले का विशेष सहयोग रहा।

देशबन्धु के सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं को दीपोत्सव की शुभकामनाएं, मां लक्ष्मी सदैव प्रसन्न रहे, सभी निरोगी और स्वस्थ्य रहें की शुभकामनाओं के साथ देशबन्धु परिवार जिला कार्यालय छिन्दवाड़ा मोबा नं. 9425189506

सर्वोदय अहिंसा ने गोधूली वृद्धाश्रम में मनाई दीपावली की खुशियां, बुजुर्गों को कराया भोजन

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। धन तेरस, दीपावली महापर्व एवं तीर्थंकर महावीर भगवान के निर्वाण महोत्सव की खुशियां मनाने सर्वोदय अहिंसा अभियान की टीम छिंदवाड़ा के गोधूली वृद्धाश्रम पहुंची और वहां निवास कर सभी 85 बुजुर्गों की कुशलता पूछ कर उनके साथ निर्वाण महोत्सव एवं दीपावली महापर्व की खुशियां मनाई।

इस अवसर पर सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक दीपक राज जैन के साथ राकेश कुमार, रक्षा पटेल, श्रुति जैन, बिंदु पवार, सिमरन सिसोदिया सहित नन्हें मुन्नें अहिंसा के

पौधारोपण भी किया

पुजारी सभी बुजुर्गों के कमरों में पहुंचे और निर्वाण महोत्सव एवं दीपावली महापर्व की खुशी में भोजन का निमंत्रण दिया पश्चात आश्रम परिसर में एक जगह बैठाकर स्नेह पूर्वक वात्सल्य के साथ भोजन परोसा पश्चात महामंत्र श्री नमोकार का स्मरण कर मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम चंद्रजी एवं तीर्थंकर महावीर भगवान तीर्थंकर का जय घोष कर सभी ने भोजन ग्रहण किया।

दीपावली स्नेह भोज के पश्चात सभी अहिंसा प्रेमी प्रत्येक बुजुर्गों के निवास पर गए और उन्हें मिष्ठान, बिस्किट के पैकेट सहित अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण कर निर्वाण महोत्सव सहित दीपावली महापर्व की शुभकामनाएं देकर उनके चरण स्पर्श किए। अहिंसा प्रेमियों के सुंदर व्यवहार, अतिथि सत्कार, स्नेह एवं वात्सल्य को पाकर सभी बुजुर्ग अभिभूत हुए और उनकी आँखें नम हो गई, अहिंसा प्रेमियों के आत्मीय व्यवहार से बुजुर्गों ने सभी समाज सेवियों सहित बच्चों को दिल से आशीर्वाद देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की ओर दीपावली एवं निर्वाण महोत्सव की शुभकामनाएं दी।

एक पौधा मां के नाम रोपा गया

स्नेह भोज के बाद अहिंसा प्रेमियों ने ये दिवाली स्वच्छता वाली का संकल्प के साथ प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सार्थक पहल का समर्थन कर आश्रम परिसर में एक पौधा मां के नाम लगाया और छिंदवाड़ा को स्वच्छ-स्वस्थ एवं सुंदर बनाने का संकल्प लिया।

आज कांग्रेस मनायेंगे पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी का बलिदान दिवस

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। राष्ट्रनेत्री श्रीमती इंदिरा गांधी आजाद भारत की पहली महिला जिन्होंने सरकार बनाई और पूरे भारत का नेतृत्व किया। आजादी के बाद से अब तक देश को कोई महिला प्रधानमंत्री नहीं मिली। बतौर प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने अपने कार्यकाल में अनेक दमदार फैसले लिये, जिन्होंने पूरे देश में क्रांति ला दी। आज कांग्रेसजन उनके योगदान व बलिदान को नमन करते हुये बलिदान दिवस मनायेगी।

बैंकों का राष्ट्रीयकरण सन 1966 में भारत में महज 500 बैंक शाखायें थीं। देश का आम आदमी बैंक में पैसा जमा नहीं कर पाता था। बैंकों का लाभ हर वर्ग को प्राप्त हो इसके लिये इंदिरा गांधी जी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया, उनका यह फैसला देश के विकास में महत्वपूर्ण रहा। उनके प्रयासों का ही नतीजा है कि आज ग्रामीण क्षेत्रों तक बैंकों की शाखायें पहुंची है। आजादी के बाद से ही भारत व पाकिस्तान के संघर्ष जारी थे। पाकिस्तान की कब्जा नीति के कारण बहुत से बंगाली शरणार्थी भारत आने लगे। उन्होंने पूर्वी पाकिस्तान पर हमले का आदेश दिया और युद्ध में पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाके को आजाद कराने के साथ ही बांग्लादेश के निर्माण में सहयोग दिया।

31 अक्टूबर 1984 को श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या उनके अंगरक्षकों ने की। स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले के समस्त विधायकगण, कांग्रेस के समस्त प्रभारीगण, ब्लॉक व उपब्लॉक अध्यक्षगण व समस्त शहर अध्यक्षण को निर्देशित किया है कि आज 31 अक्टूबर 2024 को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी की प्रतिमा व छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर बलिदान दिवस मनायें।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू यादव द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार छिन्दवाड़ा जिला मुख्यालय पर आज 31 अक्टूबर 2024 को दोपहर 2 बजे इंदिरा तिराहा स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जावेगा इसके उपरांत दोपहर 2.30 बजे कांग्रेसजन इंदिरा प्रियदर्शनी मैदान पहुंचकर श्रीमती इंदिरा गांधी जी को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

ग्राम भानादेही में सांसद और अधिकारियों ने ग्रामवासियों के साथ मनाई दीपावली

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। विकासखंड छिंदवाड़ा के ग्राम भानादेही में आज सांसद विवेक बंटी साहू व अन्य जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारियों द्वारा ग्राम वासियों के बीच में पहुंचकर दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। लोगों को दीपोत्सव पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। घर-घर जाकर दीपक जलाए गए, मिष्ठान एवं आतिशबाजी वितरित किए गए। इस अवसर पर टीकाराम चंद्रवंशी, बंटी पटेल, संतोष पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, एसडीएम छिंदवाड़ा सुधीर जैन, तहसीलदार छिंदवाड़ा सच्चिदानंद त्रिपाठी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छिंदवाड़ा स्वाति बघेल एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी छिंदवाड़ा अशरफ खान एवं अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

हम है मध्यप्रदेश पुलिस, सेवा के लिए सदैव तैयार, जनसेवा हो या कानून की रक्षा, महिला सुरक्षा हो या आपराधिक गतिविधियां, रोकने के लिए तैयार हैं : जुन्नारदेव पुलिस

सहायक जनसंपर्क अधिकारियों की हुई पदस्थापना

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। मध्यप्रदेश शासन ने 30 अक्टूबर 2024 को 5 सहायक जनसंपर्क अधिकारियों की नियुक्ति करते हुए पदस्थापना आदेश जारी करते हुए जिसके चलते कटनी निवासी गरिमा शर्मा पिता रजनीश कुमार शर्मा को छिन्दवाड़ा जिला जनसंपर्क कार्यालय में सहायक जनसंपर्क अधिकारी के पद पर पदस्थ किया है।